# CDS EXAM(I):2018

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

टी.बी.सी. : **SPSS–D–XHI** — परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या

0212565

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## सामान्य ज्ञान

**समय : दो घण्टे** — **पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note*** **: English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

**1.** परमाण्वीय घड़ियों में एक टाइमकीपर के रूप में प्रयुक्त होने वाला तत्त्व, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) पोटैशियम

(b) सीज़ियम

(c) कैल्सियम

(d) मैग्नीशियम

**2.** रक्त की जल-मात्रा के नियंत्रण में, निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व सम्मिलित होता है?

(a) पोटैशियम

(b) लीथियम

(c) रूबिडियम

(d) सीज़ियम

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी गैस, जल में घुलकर अम्लीय विलयन बनाती है?

(a) कार्बन डाइऑक्साइड

(b) ऑक्सीजन

(c) नाइट्रोजन

(d) हाइड्रोजन

**4.** हरे पादपों में क्लोरोफिल के बनने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व अनिवार्य है?

(a) कैल्सियम

(b) लौह

(c) मैग्नीशियम

(d) पोटैशियम

**5.** निम्नलिखित रासायनिक अभिक्रिया पर विचार कीजिए :

$$a\text{Fe}_2\text{O}_3\,(\text{s}) + b\text{CO}(\text{g}) \rightarrow c\text{Fe}\,(\text{s}) + d\text{CO}_2$$

उपर्युक्त अभिक्रिया के संतुलित रासायनिक समीकरण में क्रमशः $a$, $b$, $c$ और $d$ गुणांकों का मान, निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

(a) 3, 2, 3, 1

(b) 1, 3, 2, 3

(c) 2, 3, 3, 1

(d) 3, 3, 2, 1

**6.** एक वैद्युत बल्ब में टंग्स्टन तार के साथ-साथ आर्गन गैस क्यों प्रयुक्त की जाती है?

(a) बल्ब की आयु बढ़ाने के लिए

(b) विद्युत् की खपत कम करने के लिए

(c) उत्सर्जित प्रकाश को रंगीन बनाने के लिए

(d) बल्ब की कीमत कम रखने के लिए

**7.** केल्विन तापमान ($T$) और सेल्सियस तापमान ($t_c$) के बीच सही संबंध, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) ये दो स्वतंत्र तापमान स्केल हैं

(b) $T = t_c$

(c) $T = t_c - 273 \cdot 15$

(d) $T = t_c + 273 \cdot 15$

**8.** ध्वनि तरंगें निम्नलिखित में से किसमें से होकर **नहीं** गुजर सकतीं हैं?

(a) हवा में रखा हुआ ताँबे का तार

(b) हवा में रखी हुई चाँदी की पटिया (पट्टी)

(c) पानी में रखा हुआ काँच का प्रिज़्म

(d) निर्वात में रखा हुआ लकड़ी का खोखला पाइप

1. Which one of the following elements is used as a timekeeper in atomic clocks?

(a) Potassium

(b) Caesium

(c) Calcium

(d) Magnesium

2. Which one of the following elements is involved in the control of water content of the blood?

(a) Potassium

(b) Lithium

(c) Rubidium

(d) Caesium

3. Which one of the following gases dissolves in water to give acidic solution?

(a) Carbon dioxide

(b) Oxygen

(c) Nitrogen

(d) Hydrogen

4. Which one of the following elements is essential for the formation of chlorophyll in green plants?

(a) Calcium

(b) Iron

(c) Magnesium

(d) Potassium

5. Consider the following chemical reaction :

$$a\text{Fe}_2\text{O}_3\,(s) + b\text{CO}(g) \rightarrow c\text{Fe}\,(s) + d\text{CO}_2$$

In the balanced chemical equation of the above, which of the following will be the values of the coefficients $a$, $b$, $c$ and $d$ respectively?

(a) 3, 2, 3, 1

(b) 1, 3, 2, 3

(c) 2, 3, 3, 1

(d) 3, 3, 2, 1

6. Why is argon gas used along with tungsten wire in an electric bulb?

(a) To increase the life of the bulb

(b) To reduce the consumption of electricity

(c) To make the emitted light colored

(d) To reduce the cost of the bulb

7. Which one of the following is the correct relation between the Kelvin temperature ($T$) and the Celsius temperature ($t_c$)?

(a) These are two independent temperature scales

(b) $T = t_c$

(c) $T = t_c - 273 \cdot 15$

(d) $T = t_c + 273 \cdot 15$

8. Sound waves ***cannot*** travel through a

(a) copper wire placed in air

(b) silver slab placed in air

(c) glass prism placed in water

(d) wooden hollow pipe placed in vacuum

**9.** एक नैनोमीटर का मान, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) $10^{-7}$ cm

(b) $10^{-6}$ cm

(c) $10^{-4}$ cm

(d) $10^{-3}$ cm

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एक पिंड, जो संतुलन में है, पर कोई नेट आघूर्ण नहीं होता है।
2. किसी पिंड का संवेग सदैव संरक्षित होता है।
3. किसी पिंड की गतिज ऊर्जा सदैव संरक्षित रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1

**11.** सुरक्षा फ़्यूज़ की कार्यप्रणाली निम्नलिखित में से किस/किन पर निर्भर होती है?

1. धारा का चुम्बकीय प्रभाव
2. धारा का रासायनिक प्रभाव
3. धारा का परिमाण
4. धारा का ऊष्मीय प्रभाव

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 4

**निर्देश :**

निम्नलिखित **सात (7)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

**कूट :**

(a) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

(b) दोनों कथन अलग-अलग सही हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

(c) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है

(d) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है

**12.** कथन I :

किसी कार्स्ट भूभाग में कहीं अधिक सर्वाधिक आम स्थलाकृतिक रूप, घोल रंध्र (सिंकहोल) होता है।

कथन II :

स्थलाकृतिक रूप से, एक घोल रंध्र ऐसा गर्त (अवनमन) है जिसकी गहराई एक मीटर से भी कम से आरंभ होकर कई सौ मीटर तक हो सकती है।

**13.** कथन I :

अधःकर्तित विसर्प, नदी की पूर्ण रूप से विकसित (परिपक्व) अवस्था में बनते हैं।

कथन II :

अधःकर्तित विसर्पों का विवरण (विशेषताएँ), पुनर्युवन और भूमि के उत्थान (उन्नयन) के अनुसार दिया जाता है।

**14.** कथन I :

हिमनद-द्रोणियों के अंश विशिष्ट रूप से सपाट सतहों को प्रदर्शित करते हैं।

कथन II :

किसी हिमनद-द्रोणी में सपाट सतह, एकसमान हिमनदीय अपरदन के कारण उत्पन्न होती (बनती) है।

**9.** Which one of the following is the value of one nanometer?

*(a)* $10^{-7}$ cm

*(b)* $10^{-6}$ cm

*(c)* $10^{-4}$ cm

*(d)* $10^{-3}$ cm

**10.** Consider the following statements :

1. There is no net moment on a body which is in equilibrium.
2. The momentum of a body is always conserved.
3. The kinetic energy of an object is always conserved.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1 only

**11.** Working of safety fuses depends upon

1. magnetic effect of the current
2. chemical effect of the current
3. magnitude of the current
4. heating effect of the current

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 4 only

***Directions :***

The following **seven (7)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. Examine these two statements carefully and select the correct answer using the code given below.

*Code* :

*(a)* Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

*(b)* Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

*(c)* Statement I is true but Statement II is false

*(d)* Statement I is false but Statement II is true

**12.** Statement I :

By far the most common topographic form in a Karst terrain is the sinkhole.

Statement II :

Topographically, a sinkhole is a depression that varies in depth from less than a meter to few hundred meters.

**13.** Statement I :

Incised meanders are formed in the mature stage of a river.

Statement II :

Incised meanders are characterized by rejuvenation and upliftment of land.

**14.** Statement I :

Portions of glacial troughs may exhibit remarkably flat floors.

Statement II :

The flat floor in a glacial trough is produced by uniform glacial erosion.

**15.** कथन I :

टुंड्रा जलवायु में जैव विविधता अपेक्षाकृत कम है।

कथन II :

टुंड्रा जलवायु में जननात्मक उष्ण अवधिकाल कम होता है।

**16.** कथन I :

ज्वार-भाटा समुद्र के स्तर का उतार-चढ़ाव है, जो चंद्रमा और सूर्य द्वारा लगाए गए गुरुत्वाकर्षण बल और पृथ्वी के घूर्णन के संयुक्त प्रभाव के कारण होता है।

कथन II :

पृथ्वी, पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है।

**17.** कथन I :

एक व्यक्ति क्षयरोग से पीड़ित हो सकता है यदि वह भीड़-भाड़ वाले स्थान पर बारम्बार जाता है।

कथन II :

छींकने अथवा खाँसने के कारण छोटी बूँदों के माध्यम से क्षयरोग के जीवाणु फैलते हैं।

**18.** कथन I :

किसी जीव (संघटित शरीर-रचना) में भारी धातुओं और पीड़कनाशियों (कीटनाशकों) के बढ़ते हुए जमाव की प्रक्रिया को जैव संचयन कहते हैं।

कथन II :

तालाब की बड़ी मछलियों में उसी तालाब के प्लवकों की तुलना में, पीड़कनाशियों की सांद्रता (जमाव) अधिक पाई गई है।

**19.** वर्गीकरण की जीव-विज्ञान संबंधी पद्धति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक असली मछली है?

*(a)* रजत मीनाभ

*(b)* जेलीफिश

*(c)* कटलफिश

*(d)* उड़न मीन

**20.** प्राणियों में, निम्नलिखित में से किस प्रकार के संयोजी ऊतकों में वसा संग्रहित होती है?

*(a)* ऐडिपोसाइट

*(b)* कोन्ड्रोसाइट (उपास्थ्यणु)

*(c)* ऑस्टिओसाइट (अस्थ्यणु)

*(d)* रेटिक्युलोसाइट (जालिकाणु)

**21.** अंग/भाग, जो चलन में सहायता करता है, के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

*(a)* युग्लीना : फ्लेजेलम (कशाभ)

*(b)* पैरामीशियम : सिलिया (पक्ष्माभ)

*(c)* नेरीस : पादाभ

*(d)* स्टारफिश : नाल-पद

**22.** निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक से लाइसोसोम बनता है?

*(a)* केन्द्रक

*(b)* अंतर्द्रव्यी जालिका

*(c)* गॉल्जी काय

*(d)* राइबोसोम

**15.** Statement I :

In Tundra climate, biodiversity is comparatively less.

Statement II :

Tundra climate has less reproductive warm period.

**16.** Statement I :

Tides are the rise and fall of sea levels caused by the combined effects of the gravitational forces exerted by the Moon and the Sun and the rotation of the Earth.

Statement II :

The Earth rotates from west to east.

**17.** Statement I :

A person may suffer from tuberculosis if she/he frequently visits crowded place.

Statement II :

Bacteria of tuberculosis spread through droplets by sneezing or coughing.

**18.** Statement I :

Bioaccumulation is a process of progressive accumulation of heavy metals and pesticides in an organism.

Statement II :

Large fishes of the pond are found to have higher concentration of pesticides than planktons of the same pond.

**19.** Which one of the following is a true fish as per the biological system of classification?

*(a)* Silverfish

*(b)* Jellyfish

*(c)* Cuttlefish

*(d)* Flying fish

**20.** In which one of the following types of connective tissues in animals does fat get stored?

*(a)* Adipocyte

*(b)* Chondrocyte

*(c)* Osteocyte

*(d)* Reticulocyte

**21.** Which one of the following pairs about organ/part that helps in locomotion is ***not*** correctly matched?

*(a)* Euglena : Flagellum

*(b)* Paramecium : Cilia

*(c)* Nereis : Pseudopodia

*(d)* Starfish : Tubefeet

**22.** Lysosome is formed from which of the following cell organelles?

*(a)* Nucleus

*(b)* Endoplasmic reticulum

*(c)* Golgi bodies

*(d)* Ribosomes

**23.** अंतर्द्रव्यी जालिका आबद्ध राइबोसोम में प्रोटीन का संश्लेषण होता है और यह क्लोरोप्लास्ट के भीतरी थाइलाकॉइड स्थान की ओर लक्षित होता है। इसे अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए दोहरी परत वाली झिल्ली की कितनी तहों से होकर गुजरना होगा?

*(a)* 2

*(b)* 3

*(c)* 4

*(d)* 5

**24.** निम्नलिखित में से किस कारण से, वायुमंडल में रुद्धोष्म ताप परिवर्तन होते हैं?

*(a)* विक्षेप (विचलन) और अभिवहन

*(b)* संघनन की गुप्त ऊष्मा

*(c)* वायु का प्रसार और संपीडन

*(d)* वायुमंडल द्वारा सौर विकिरण का आंशिक अवशोषण

**25.** वर्षण की संघट्टन-संलयन प्रक्रिया के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा प्रयोज्य है?

*(a)* बादल, जो हिमीकरण स्तर से परे विस्तारित नहीं होते हैं

*(b)* बादल, जो हिमीकरण स्तर से परे विस्तारित होते हैं

*(c)* सभी प्रकार के बादल

*(d)* पक्षाभ-कपासी मेघ

**26.** भारत के निम्नलिखित में से किस स्थान में, शीतकाल के दौरान उच्चतम वायुमंडलीय दाब अनुभव किया जाता है?

*(a)* जैसलमेर

*(b)* लेह

*(c)* चेन्नई

*(d)* गुवाहाटी

**27.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (परिकल्पना/सिद्धांत)** | **सूची–II (प्रतिपादक)** |
|---|---|
| A. ग्रहाणु परिकल्पना | 1. कोबर |
| B. तापीय संकुचन सिद्धांत | 2. चेम्बरलीन |
| C. भू-अभिनतिक पर्वतजन सिद्धांत | 3. डैली |
| D. विसर्पी महाद्वीप की परिकल्पना | 4. जेफ्रेइस |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**23.** A protein is synthesized in the endoplasmic reticulum bound ribosomes and it targets to the inner thylakoid space of chloroplast. How many double-layered membrane layers it has to pass to reach its destination?

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

**24.** Which of the following causes adiabatic temperature changes in atmosphere?

(a) Deflection and advection

(b) Latent heat of condensation

(c) Expansion and compression of the air

(d) Partial absorption of solar radiation by the atmosphere

**25.** Which one of the following is applicable to collision-coalescence process of precipitation?

(a) Clouds which do not extend beyond the freezing level

(b) Clouds which extend beyond the freezing level

(c) All types of clouds

(d) Cirrocumulus cloud

**26.** Which one of the following places of India experiences highest atmospheric pressure during winter?

(a) Jaisalmer

(b) Leh

(c) Chennai

(d) Guwahati

**27.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* (*Hypothesis/Theory*) | | *List–II* (*Propounder*) |
|---|---|---|---|
| A. | Planetesimal hypothesis | 1. | Kober |
| B. | Thermal contraction theory | 2. | Chamberlin |
| C. | Geosynclinal Orogen theory | 3. | Daly |
| D. | Hypothesis of sliding continent | 4. | Jeffreys |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**28.** फोटोग्राफर के फ्लैशगन से चमकीले प्रकाश का निकलना देखा जाता है। निम्नलिखित में से किस आदर्श गैस की उपस्थिति के कारण यह चमक होती है?

(a) आर्गन

(b) जीनॉन

(c) निऑन

(d) हीलियम

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, एक यौगिक में **नहीं** होती है?

(a) संघटन, चर (परिवर्तनशील) होता है।

(b) यौगिक के सभी कण (अंश) केवल एक प्रकार के होते हैं।

(c) यौगिक के कणों में दो या इससे अधिक तत्त्व होते हैं।

(d) सामान्य भौतिक विधियों से यौगिक के अवयवों को पृथक् नहीं किया जा सकता है।

**30.** निम्नलिखित में से किन पदार्थों के कारण जल में अस्थायी कठोरता होती है?

1. $Mg(HCO_3)_2$
2. $Ca(HCO_3)_2$
3. $CaCl_2$
4. $MgSO_4$

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 3 और 4

(b) 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) 1 और 2

**31.** यदि कैल्सियम का परमाणु-क्रमांक 20 है और इसकी द्रव्यमान-संख्या 40 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व, कैल्सियम का समभारिक परमाणु होगा?

(a) वह तत्त्व, जिसमें 20 प्रोटॉन और 18 न्यूट्रॉन हैं

(b) वह तत्त्व, जिसमें 18 प्रोटॉन और 19 न्यूट्रॉन हैं

(c) वह तत्त्व, जिसमें 20 प्रोटॉन और 19 न्यूट्रॉन हैं

(d) वह तत्त्व, जिसमें 18 प्रोटॉन और 22 न्यूट्रॉन हैं

**32.** 'ऊष्मा हानि = ऊष्मा वृद्धि' का संबंध, निम्नलिखित में से किससे निरूपित होता है?

(a) तापीय संतुलन का सिद्धांत

(b) रंगों का सिद्धांत

(c) कैलोरीमिति का सिद्धांत

(d) वाष्पन का सिद्धांत

**33.** ताँबे के बने हुए दो धात्विक तारों की लंबाइयाँ समान हैं लेकिन पहले तार की त्रिज्या, दूसरे तार की त्रिज्या की आधी है। पहले तार का प्रतिरोध $R$ है। यदि दोनों तारों को एकसाथ श्रेणी में लगाया जाता है, तो कुल प्रतिरोध कितना होगा?

(a) $2R$

(b) $\frac{R}{2}$

(c) $\frac{5}{4}R$

(d) $\frac{3}{4}R$

**34.** सुबह या शाम के वक्त जब सूरज क्षितिज के पास होता है, तो यह लालिमायुक्त प्रतीत होता है। इस अवलोकन के लिए जिम्मेदार परिघटना है

(a) प्रकाश का परावर्तन

(b) प्रकाश का अपवर्तन

(c) प्रकाश का प्रकीर्णन

(d) प्रकाश का छितराव (फैलाव)

**28.** Bright light is found to emit from photographer's flashgun. This brightness is due to the presence of which one of the following noble gases?

(a) Argon

(b) Xenon

(c) Neon

(d) Helium

**29.** Which one of the following is ***not*** a characteristic of a compound?

(a) Composition is variable.

(b) All particles of compound are of only one type.

(c) Particles of compound have two or more elements.

(d) Its constituents cannot be separated by simple physical methods.

**30.** Which of the following substances cause temporary hardness in water?

1. $Mg(HCO_3)_2$
2. $Ca(HCO_3)_2$
3. $CaCl_2$
4. $MgSO_4$

Select the correct answer using the code given below.

(a) 3 and 4

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4

(d) 1 and 2

**31.** Which one of the following elements will be an isobar of calcium if the atomic number of calcium is 20 and its mass number is 40?

(a) Element with 20 protons and 18 neutrons

(b) Element with 18 protons and 19 neutrons

(c) Element with 20 protons and 19 neutrons

(d) Element with 18 protons and 22 neutrons

**32.** Which of the following represents a relation for 'heat lost = heat gained'?

(a) Principle of thermal equilibrium

(b) Principle of colors

(c) Principle of calorimetry

(d) Principle of vaporization

**33.** Two metallic wires made from copper have same length but the radius of wire 1 is half of that of wire 2. The resistance of wire 1 is $R$. If both the wires are joined together in series, the total resistance becomes

(a) $2R$

(b) $\frac{R}{2}$

(c) $\frac{5}{4}R$

(d) $\frac{3}{4}R$

**34.** When the Sun is near the horizon during the morning or evening, it appears reddish. The phenomenon that is responsible for this observation is

(a) reflection of light

(b) refraction of light

(c) dispersion of light

(d) scattering of light

**35.** सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (बादल)** | **सूची–II (विशिष्टता)** |
|---|---|
| A. पक्षाभ (सिरस) | 1. वर्षा देने वाला |
| B. स्तरी (स्ट्रेटस) | 2. पंख के समान रूप |
| C. वर्षामेघ (निम्बस) | 3. ऊर्ध्वाधर रूप से बढ़ने वाला |
| D. कपासी (क्यूम्यूलस) | 4. क्षितिज के समांतर दिशा में फैलता हुआ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**36.** विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) पर संबंधित तटीय राष्ट्रों का एक अनन्य अधिकार, निम्नलिखित में से कौन-सा **नहीं** है?

*(a)* महासागरीय निक्षेपों के खनिज संसाधनों का सर्वेक्षण और दोहन

*(b)* समुद्री जल ऊर्जा और मत्स्य-ग्रहण (माहीगीरी) सहित समुद्री जीवों का दोहन

*(c)* समुद्री संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन

*(d)* जहाजों का नौचालन और अंतःसमुद्री तारों (केबिल) का स्थापित किया (बिछाया) जाना

**37.** भारत में, राज्यों के निम्नलिखित में से किस समूह में, एक अग्रगामी निवेश के रूप में एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन (ICZM) परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है?

*(a)* गुजरात, केरल और गोवा

*(b)* केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश

*(c)* गुजरात, ओडिशा और पश्चिम बंगाल

*(d)* महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु

**38.** राष्ट्रीय जल अकादमी (NWA) के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. NWA का प्राथमिक उद्देश्य, जल संसाधन नियोजन के विभिन्न पहलुओं पर केन्द्र और राज्य संगठनों के सेवारत अभियंताओं के लिए प्रशिक्षण के एक उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में कार्य करना है।
2. NWA नई दिल्ली में स्थित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**39.** ताँबे के एक तार, जिसकी लंबाई $l$ है और जिसके अनुप्रस्थ परिच्छेद का क्षेत्रफल $A$ है, में से विद्युत् धारा $I$ प्रवाहित हो रही है। तार से क्षय हो रही शक्ति $P$ है। यदि हम समान विमाओं वाला एक ऐलुमिनियम का तार लेते हैं और इसमें से समान धारा प्रवाहित करते हैं, तो क्षय हुई शक्ति होगी

*(a)* $P$

*(b)* $< P$

*(c)* $> P$

*(d)* $2P$

**35.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I* *(Cloud)* | | *List–II* *(Characteristic)* |
|---|---|---|---|
| A. | Cirrus | 1. | Rain-giving |
| B. | Stratus | 2. | Feathery appearance |
| C. | Nimbus | 3. | Vertically growing |
| D. | Cumulus | 4. | Horizontally spreading |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(b)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(c)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(d)* | 3 | 4 | 1 | 2 |

**36.** Which one of the following is ***not*** an exclusive right of the concerned coastal nations over Exclusive Economic Zone (EEZ)?

*(a)* Survey and exploitation of mineral resources of ocean deposits

*(b)* Exploitation of marine water energy and marine organisms including fishing

*(c)* Conservation and management of marine resources

*(d)* Navigation of ships and laying down submarine cables

**37.** In which one of the following groups of States in India is the Integrated Coastal Zone Management (ICZM) Project being implemented as a pilot investment?

*(a)* Gujarat, Kerala and Goa

*(b)* Kerala, Karnataka and Andhra Pradesh

*(c)* Gujarat, Odisha and West Bengal

*(d)* Maharashtra, Andhra Pradesh and Tamil Nadu

**38.** Which of the following statements about the National Water Academy (NWA) is/are correct?

1. The primary objective of the NWA is to function as Centre of Excellence in training for in-service engineers from Central and State organizations on various aspects of water resource planning.
2. The NWA is located in New Delhi.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**39.** A wire of copper having length $l$ and area of cross-section $A$ is taken and a current $I$ is flown through it. The power dissipated in the wire is $P$. If we take an aluminium wire having same dimensions and pass the same current through it, the power dissipated will be

*(a)* $P$

*(b)* $< P$

*(c)* $> P$

*(d)* $2P$

**40.** किसी द्रव का दाब, गहराई $h$ के साथ $P = P_0 + \rho gh$ के रूप में परिवर्तित होता है, जहाँ $\rho$ उस द्रव का घनत्व है। यह व्यंजक किससे संबंधित है?

*(a)* पास्कल का नियम

*(b)* न्यूटन का नियम

*(c)* बर्नूली का सिद्धांत

*(d)* आर्किमिडीज का सिद्धांत

**41.** वायुमंडल की निम्नलिखित संघटक गैसों पर विचार कीजिए :

1. आर्गन
2. निऑन
3. हीलियम
4. कार्बन डाइऑक्साइड

आयतन की प्रतिशतता के हिसाब से उपर्युक्त गैसों का सही आरोही क्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

*(a)* 1–3–2–4

*(b)* 1–4–2–3

*(c)* 4–2–3–1

*(d)* 2–4–1–3

**42.** भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, उसकी कुल आबादी में अनुसूचित जनजातियों की आबादी की प्रतिशतता अधिकतम है?

*(a)* मिज़ोरम

*(b)* नागालैंड

*(c)* मेघालय

*(d)* अरुणाचल प्रदेश

**43.** निम्नलिखित में से किस पर्वत में बहिर्वेधी ज्वालामुखी **नहीं** पाए जाते हैं?

*(a)* अलास्का

*(b)* रॉकी

*(c)* एंडीज़

*(d)* हिमालय

**44.** करेवास, जो बालू, मृत्तिका, दुमट, सिल्ट और गोलाश्म (उपल) का सरोवरी निक्षेप है, में निम्नलिखित में से किस फसल की खेती **नहीं** की जाती है?

*(a)* केसर

*(b)* बादाम

*(c)* अखरोट

*(d)* लिंग नट

**45.** गंगा नदी की निम्न सहायक नदियों पर विचार कीजिए :

1. गंडक
2. कोसी
3. घाघरा
4. गोमती

उपर्युक्त नदियों का पूर्व से पश्चिम की ओर का सही अनुक्रम, निम्नलिखित में से कौन-सा है?

*(a)* 3–4–1–2

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 2–3–1–4

*(d)* 1–2–4–3

**40.** The pressure of a fluid varies with depth $h$ as $P = P_0 + \rho g h$, where $\rho$ is the fluid density. This expression is associated with

*(a)* Pascal's law

*(b)* Newton's law

*(c)* Bernoulli's principle

*(d)* Archimedes' principle

**41.** Consider the following constituent gases of the atmosphere :

1. Argon
2. Neon
3. Helium
4. Carbon dioxide

Which one of the following is the correct ascending sequence of the above gases in terms of the volume percentage?

*(a)* 1–3–2–4

*(b)* 1–4–2–3

*(c)* 4–2–3–1

*(d)* 2–4–1–3

**42.** Which one of the following Indian States has the highest percentage of Scheduled Tribe population to its total population?

*(a)* Mizoram

*(b)* Nagaland

*(c)* Meghalaya

*(d)* Arunachal Pradesh

**43.** Extrusive volcanoes are ***not*** found in which one of the following mountains?

*(a)* Alaska

*(b)* Rocky

*(c)* Andes

*(d)* Himalayas

**44.** Which one of the following crops is ***not*** cultivated in Karewas, the lacustrine deposits of sand, clay, loam, silt and boulders?

*(a)* Saffron

*(b)* Almond

*(c)* Walnut

*(d)* Ling nut

**45.** Consider the following tributaries of river Ganga :

1. Gandak
2. Kosi
3. Ghaghara
4. Gomti

Which one of the following is the correct order of the above rivers from east to west?

*(a)* 3–4–1–2

*(b)* 2–1–3–4

*(c)* 2–3–1–4

*(d)* 1–2–4–3

**46.** भारत के निम्नलिखित में से कौन-से राष्ट्रीय उद्यान (नैशनल पार्क), UNESCO द्वारा विश्व विरासत (धरोहर) घोषित किए गए हैं?

1. केओलादेव राष्ट्रीय उद्यान
2. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान
3. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
4. रणथम्बोर राष्ट्रीय उद्यान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1, 2 और 3

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**47.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (रेलवे ज़ोन/मंडल)** | **सूची-II (मुख्यालय)** |
|---|---|
| A. उत्तर मध्य | 1. सिकंदराबाद |
| B. उत्तर पूर्व | 2. जबलपुर |
| C. पश्चिम मध्य | 3. गोरखपुर |
| D. दक्षिण मध्य | 4. इलाहाबाद |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

**48.** लसीका के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* लसीका, केशिकाओं में से रक्त के स्राव के कारण बनती है।

*(b)* लसीका में रक्त कोशिकाएँ, जैसे कि RBC, होती हैं।

*(c)* रक्त परिसंचरण हृदय द्वारा भी लसीका परिसंचारित की जाती है।

*(d)* लसीका, केवल हॉर्मोन को ले जाने का कार्य करती है।

**49.** प्राणियों के निम्नलिखित में से किस/किन संवर्ग/संवर्गों में त्रिकोष्ठीय हृदय होता है?

*(a)* मत्स्य और उभयचर

*(b)* उभयचर और सरीसृप

*(c)* केवल सरीसृप

*(d)* केवल उभयचर

**50.** तेज धावकों की मांसपेशियों में, निम्नलिखित में से किसके संचयन से ऐंठन आ जाती है?

*(a)* लैक्टिक अम्ल

*(b)* एथानॉल

*(c)* पाइरुविक अम्ल

*(d)* ग्लूकोस

**46.** Which of the following National Parks of India are declared as World Heritage by UNESCO?

1. Keoladeo National Park
2. Sundarbans National Park
3. Kaziranga National Park
4. Ranthambore National Park

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**47.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List–I (Railway Zone)* | | *List–II (Headquarters)* |
|---|---|---|---|
| A. | North Central | 1. | Secunderabad |
| B. | North Eastern | 2. | Jabalpur |
| C. | West Central | 3. | Gorakhpur |
| D. | South Central | 4. | Allahabad |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 3 | 2 | 1 |
| *(b)* | 4 | 2 | 3 | 1 |
| *(c)* | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *(d)* | 1 | 3 | 2 | 4 |

**48.** Which one of the following statements about lymph is correct?

*(a)* Lymph is formed due to leakage of blood through capillaries.

*(b)* Lymph contains blood cells such as RBC.

*(c)* Lymph is also circulated by the blood circulating heart.

*(d)* Lymph only transports hormones.

**49.** Which of the following classes of animals has/have three-chambered heart?

*(a)* Pisces and Amphibia

*(b)* Amphibia and Reptilia

*(c)* Reptilia only

*(d)* Amphibia only

**50.** Accumulation of which one of the following in the muscles of sprinters leads to cramp?

*(a)* Lactic acid

*(b)* Ethanol

*(c)* Pyruvic acid

*(d)* Glucose

**51.** विनिमय व्यापारित निधि (ETF) के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही **नहीं** है?

(a) यह एक पण्य सुरक्षा है।

(b) इसमें दिन-भर मूल्य बदलता रहता है।

(c) म्यूचुअल फंड शेयरों की तुलना में इसमें प्रारूपिकतया निम्नतर दैनिक तरलता और उच्चतर शुल्क होता है।

(d) ETF के लिए उसका निवल परिसंपत्ति मूल्य, प्रत्येक दिवस की समाप्ति पर एक बार परिकलित नहीं होता है।

**52.** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS), निजी क्षेत्र के अंतर्गत NPS, से जुड़ने की अधिकतम आयु निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(a) 55 वर्ष

(b) 60 वर्ष

(c) 65 वर्ष

(d) 70 वर्ष

**53.** भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में सार्वजनिक साख पंजीयन (PCR) पर एक उच्चस्तरीय कार्यदल (टास्क फोर्स) का गठन किया है। यह कार्यदल, भारत के लिए एक पारदर्शी, व्यापक और लगभग-वास्तविक-समय PCR विकसित करने के लिए एक सड़क मानचित्र (रोड मैप) का सुझाव देने के लिए है। इस कार्यदल के प्रमुख हैं

(a) सेकर कर्णम

(b) विशाखा मुले

(c) श्रीराम कल्याणरमन

(d) वाई० एम० देवस्थली

**54.** भारत सरकार ने अनुदान के रूप में अफ़गानिस्तान को 1·1 मिलियन टन गेहूँ दिए जाने के अपने वादे के मुताबिक पहले खेप में गेहूँ से लदा जहाज अक्तूबर 2017 में अफ़गानिस्तान भेजा। यह जहाज किस रास्ते से होकर गया?

(a) ईरान

(b) पाकिस्तान

(c) ताजिकिस्तान

(d) चीन

**55.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) के बारे में सही है/हैं?

1. इसे एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी की तरह संस्थापित किया गया है।
2. इसका कार्य दो पायलट शाखाओं, हैदराबाद और वाराणसी, की स्थापना के साथ आरंभ हो गया है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**51.** Which one of the following statements about Exchange-Traded Fund (ETF) is ***not*** correct?

*(a)* It is a marketable security.

*(b)* It experiences price changes throughout the day.

*(c)* It typically has lower daily liquidity and higher fees than mutual fund shares.

*(d)* An ETF does not have its net asset value calculated once at the end of every day.

**52.** Which one of the following is the maximum age of joining National Pension System (NPS) under the NPS-Private Sector?

*(a)* 55 years

*(b)* 60 years

*(c)* 65 years

*(d)* 70 years

**53.** The Reserve Bank of India has recently constituted a high-level task force on Public Credit Registry (PCR) to suggest a road map for developing a transparent, comprehensive and near-real-time PCR for India. The task force is headed by

*(a)* Sekar Karnam

*(b)* Vishakha Mulye

*(c)* Sriram Kalyanaraman

*(d)* Y. M. Deosthalee

**54.** In October 2017, India sent its first shipment of wheat to Afghanistan as a part of commitment made by the Government of India to supply 1·1 million tonnes of wheat to that country on grant basis. The shipment was sent through

*(a)* Iran

*(b)* Pakistan

*(c)* Tajikistan

*(d)* China

**55.** Which of the following statements about the India Post Payments Bank (IPPB) is/are correct?

1. It has been incorporated as a Public Limited Company.
2. It started its operation by establishing two pilot branches at Hyderabad and Varanasi.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**56.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. मानव अधिकारों के उल्लंघन पर, अपने स्वयं की पहल पर जाँच-पड़ताल करना
2. पीड़ित द्वारा इसके समक्ष प्रस्तुत याचिका के आधार पर जाँच-पड़ताल करना
3. कैदियों की दशा को जानने के लिए जेलों का भ्रमण करना
4. मानव अधिकारों के क्षेत्र में शोध का जिम्मा लेना और शोध को प्रोत्साहित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**57.** एक व्यक्ति संसद के किसी भी सदन का सदस्य होने के लिए और सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए अयोग्य होता है, यदि वह व्यक्ति

1. भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार के अधीन लाभ का कोई पद धारण किए हुए हो, संसद उपविधि द्वारा घोषित किसी पद के धारक को अयोग्य नहीं ठहराए जाने को छोड़कर
2. अनुन्मुक्त दिवालिया हो
3. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत अयोग्य ठहराया गया हो
4. विक्षिप्त दिमाग वाला हो और एक सक्षम न्यायालय द्वारा उसे ऐसा घोषित किया गया हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1, 2 और 4

*(b)* 1, 2, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 1, 2 और 3

**58.** भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, एक 'राष्ट्रीय दल' के रूप में मान्य होने के लिए एक राजनीतिक दल का कितने राज्यों में मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल के रूप में होना आवश्यक है?

*(a)* कम-से-कम दो राज्य

*(b)* कम-से-कम तीन राज्य

*(c)* कम-से-कम चार राज्य

*(d)* कम-से-कम पाँच राज्य

**59.** एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

*(a)* यह औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग की एक व्यावसायिक शाखा है।

*(b)* यह अंतरिक्ष विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है।

*(c)* यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है।

*(d)* यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक व्यावसायिक शाखा है।

**60.** संत कवि कबीर से संबंधित छंदों का संग्रह निम्नलिखित में से किस/किन परंपरा/परंपराओं में किया गया है?

1. *बीजक* वाराणसी वाला
2. *कबीर ग्रंथावली* राजस्थान वाला
3. *आदि ग्रंथ साहिब*

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**56.** Which of the following are the functions of the National Human Rights Commission (NHRC)?

1. Inquiry at its own initiative on the violation of human rights
2. Inquiry on a petition presented to it by a victim
3. Visit to jails to study the condition of the inmates
4. Undertaking and promoting research in the field of human rights

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**57.** A person is disqualified for being chosen as, and for being, a Member of either House of the Parliament if the person

1. holds any office of profit under the Government of India or the Government of any State other than an office declared by the Parliament by law not to disqualify its holder
2. is an undischarged insolvent
3. is so disqualified under the Tenth Schedule of the Constitution of India
4. is of unsound mind and stands so declared by a competent Court

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 4 only

*(b)* 1, 2, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1, 2 and 3 only

**58.** According to the Election Commission of India, in order to be recognized as a 'National Party', a political party must be treated as a recognized political party in how many States?

*(a)* At least two States

*(b)* At least three States

*(c)* At least four States

*(d)* At least five States

**59.** Which one of the following statements with regard to Antrix Corporation Limited is correct?

*(a)* It is a commercial arm of the Department of Industrial Policy and Promotion.

*(b)* It is under the administrative control of the Department of Space.

*(c)* It is under the administrative control of the Ministry of Health and Family Welfare.

*(d)* It is a commercial arm of the Department of Science and Technology.

**60.** Verses ascribed to poet-saint Kabir have been compiled in which of the following traditions?

1. *Bijak* in Varanasi
2. *Kabir Granthavali* in Rajasthan
3. *Adi Granth Sahib*

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**61.** बारहवीं सदी के आस-पास, इस्लामिक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सूफी सिलसिलों का रूप-निर्धारण आरंभ हुआ, जो प्रकट करता है

1. गुरु और शिष्य के बीच निरंतर संपर्क
2. पैगम्बर मुहम्मद की अविच्छिन्न आध्यात्मिक वंशावली
3. भक्तों की ओर आध्यात्मिक शक्ति और आशीष का हस्तांतरण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**62.** ऋग्वेद के 10वें मंडल में, निम्नलिखित में से कौन-सा स्तोत्र विवाह-समारोहों पर प्रकाश डालता है?

*(a)* सूर्य सूक्त

*(b)* पुरुष सूक्त

*(c)* दान स्तुति

*(d)* उर्ण सूत्र

**63.** असहयोग आंदोलन के बारे में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. कर्नाटक के किसानों की सार्थक भागीदारी इसकी विशिष्टता रही।
2. मद्रास और महाराष्ट्र में गैर-ब्राह्मण निम्न-जातियों की भागीदारी इसकी विशिष्टता रही।
3. असम, बंगाल और मद्रास जैसे स्थानों में श्रमिक असंतोष की कमी के रूप में इसे चिह्नित किया गया था।
4. 1922 में झकझोर देने वाली चौरी-चौरा की घटना का इस आंदोलन पर बुरा प्रभाव पड़ा, जिसके बाद गाँधीजी द्वारा इस आंदोलन को अत्यंत सूक्ष्म पैमाने पर जारी रखने का निर्णय किया गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 2 और 3

*(d)* केवल 2

**64.** नवंबर 2017 में नई दिल्ली में आयोजित विशाल खाद्य कार्यक्रम 'वर्ल्ड फूड इंडिया' का केन्द्र-बिन्दु (फोकस) देश, निम्नलिखित में से कौन-सा था?

*(a)* जर्मनी

*(b)* जापान

*(c)* डेनमार्क

*(d)* इटली

**61.** Around twelfth century, Sufi Silsilas began to crystallize in different parts of the Islamic world to signify

1. continuous link between the master and disciple
2. unbroken spiritual genealogy to the Prophet Muhammad
3. the transmission of spiritual power and blessings to devotees

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**62.** In the 10th *Mandala* of the *Rigveda*, which one of the following hymns reflects upon the marriage ceremonies?

*(a)* *Surya Sukta*

*(b)* *Purusha Sukta*

*(c)* *Dana Stutis*

*(d)* *Urna Sutra*

**63.** Which of the following statements about the Non-Cooperation Movement is/are correct?

1. It was marked by significant participation of peasants from Karnataka.
2. It was marked by non-Brahmin lower caste participation in Madras and Maharashtra.
3. It was marked by the lack of labour unrest in places like Assam, Bengal and Madras.
4. It was badly shaken by the Chauri Chaura incident in 1922 after which Gandhiji decided to continue with the movement on a much smaller scale.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 2 and 3

*(d)* 2 only

**64.** Which one of the following was a focus country of the 'World Food India', a mega food event held in November 2017 in New Delhi?

*(a)* Germany

*(b)* Japan

*(c)* Denmark

*(d)* Italy

**65.** नोबेल प्राइज शृंखला—भारत 2018 (विज्ञान प्रभावी जीवन) प्रदर्शनी की मेजबानी, निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य करेगा?

*(a)* गुजरात

*(b)* राजस्थान

*(c)* गोवा

*(d)* मध्य प्रदेश

**66.** संचार मंत्रालय ने हाल ही में 'दीनदयाल स्पर्श योजना' नाम से स्कूली बच्चों के लिए एक सर्व भारत (पैन इंडिया) छात्रवृत्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस योजना का उद्देश्य किसके विस्तार को बढ़ावा देना है?

*(a)* खेल

*(b)* टिकट-संग्रहण

*(c)* संगीत

*(d)* वेब डिज़ाइनिंग

